07/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज दोपहर न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचीं। यह यात्रा गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो के निमंत्रण पर की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की न्यूजीलैंड की राजकीय यात्रा में अगले दो दिनों में कई मुद्दों पर चर्चा होगी। वह गवर्नर जनरल और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। राष्ट्रपति वेलिंगटन में एक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगी, जहां भारत मुख्य अतिथि है।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक कल ईटानगर के डी.के. कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय 'चिंतन शिविर सह शिक्षा सम्मेलन 2024' का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के दौरान डिप्टी कमिश्नर, स्कूली शिक्षा के उप निदेशक और शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख एंव अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। 'शिक्षित अरुणाचल - विकसित अरुणाचल' थीम के साथ इस सम्मेलन का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश में शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना है, जिसमें राज्य के हर एक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए नीति निर्माताओं सहित सभी हितधारकों की भागीदारी होगी। सम्मेलन में नेशनल इनिशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी (निपुण भारत), प्राइम मिनिसटर स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री स्कूल्स) और इनोवेटिव डिजिटल इनिशिएटिव पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गत मंगलवार को सिविल सचिवालय में अरुणाचल प्रेस क्लब और अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक के दौरान कहा कि, अरुणाचल प्रदेश में पत्रकारों की भलाई के लिए समर्पित बताते हुए राज्य में पत्रकारों को समर्थन देने के लिए अपनी सरकार के निरंतर प्रयासों की जानकारी भी साझा की। राज्य के जनसंपर्क मंत्री के साथ इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में पत्रकारों के लिए काम करने की स्थिति और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों पर भी चर्चा की। प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, श्री खांडू ने पत्रकारिता के मूल मूल्यों और सिद्धांतों को बरकरार रखते हुए मीडिया प्रथाओं को आधुनिक बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

0000000000000000

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भाजपा के टिकट पर चुने गए पासीघाट नगर परिषद (पीएमसी) के तीन पार्षदों को छह साल की अवधि के लिए पार्टी की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। ईस्ट सियांग जिले के भाजपा अध्यक्ष आकु बोरांग ने गत दो अगस्त को एक आदेश जारी कर वार्ड संख्या एक के न्यीगांग योमसो, वार्ड संख्या चार की रेबिका पानयांग मेगु और वार्ड संख्या पांच की पोनुंग राडेंग सारिंग को पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता और पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में निष्कासित कर दिया गया हैं। भाजपा सूत्रों के तहत तीनों भाजपा पार्षदों ने पीएमसी के गैर-भाजपा पार्षदों की मदद से अपने मुख्य पार्षद को पद से हटाने की कोशिश की, जबकि भाजपा द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस साल जून में ही पीएमसी पार्षदों ने जिला कलेक्टर के समक्ष मांग रखी कि वे पीएमसी प्रमुख के खिलाफ 'अविश्वास प्रस्ताव' शुरू करें। हालांकि, राज्य के शहरी विकास विभाग के उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद इस प्रक्रिया को रोक दिया गया।

0000000000000000

नॉर्थ ईस्ट इंडिजिनस पीपुल्स फोरम के सहयोग से अरुणाचल इंडिजिनस पीपुल्स फोरम आगामी 9 अगस्त को मल्टीपरपज कल्चरल कॉप्लेक्स, नाहरलागुन में वलर्ड इंडिजिनस डे का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैंड और मिजोरम के दस सदस्यीय प्रतिनिधि भाग लेंगे।

0000000000000000

पूरे देश में आज 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किया गया यह दिवस देश की अर्थव्यवस्था और संस्कृति में हथकरघा बुनकरों के योगदान को मान्यता देता है और उनका सम्मान करता है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें देशभर में हथकरघा की समृद्ध विरासत और जीवंत परंपरा पर बहुत गर्व है। इधर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी सोशल मीडिया पर हथकरघा बुनकरों के योग्य प्रयासों की प्रशंसा की है, जिन्होंने हमारे राज्य के साथ-साथ राष्ट्र की स्वदेशी शिल्प और कलात्मक परंपराओं को संरक्षित और समृद्ध करने में मदद की है।

000000000000000000

भारतीय चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 9 राज्यों की 12 रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव के लिए अधिसूचना 14 अगस्त को जारी की जाएगी। उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 26 और 27 तारीख है। चुनाव 3 सितंबर को होंगे।

0000000000000000

ओलंपिक खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगट को पचास किलोग्राम से कुछ ग्राम ज्यादा पाये जाने के कारण पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने सांत्वना देते हुए कहा कि पहलवान फोगट चैंपियंस के बीच एक चैंपियन और भारत का गौरव है जो हर भारतीय के लिए प्रेरणा है।

0000000000000000000000